**दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)**
(छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम क्र. 16 / 2015 द्वारा स्थापित)
रायपुर नाका, दुर्ग (छ.ग.) – 491001
Email: exam@durguniversity.ac.in Website: www.durguniversity.ac.in Phone & Fax 0788-2359300

क्रमांक 866 / परीक्षा / 2017 — दुर्ग, दिनांक 30.12.2017

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त महाविद्यालय / परीक्षा केन्द्र,
वार्षिक (मुख्य) परीक्षा 2018
दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

विषयः– अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन फार्म स्वीकार करने विषयक।

विषयान्तर्गत लेख है कि दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग के अन्तर्गत आगामी वार्षिक परीक्षा 2018 हेतु समस्त परीक्षा केन्द्र / महाविद्यालय में अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थियों द्वारा जमा किए परीक्षा आवेदन पत्रों के संबंध में आवश्यक निर्देश निम्नानुसार हैं:–

1. स्नातक स्तर (अमहाविद्यालयीन) के समस्त गैर–प्रायोगिक विषयों जिनकी सम्बद्धता आपके महाविद्यालय / परीक्षा केन्द्र को प्राप्त न भी हों फिर भी उन समस्त विषयों / कक्षाओं के परीक्षा आवेदन फार्म समस्त परीक्षा केन्द्र द्वारा स्वीकार किए जावें।
2. ऐसे स्नातकोत्तर कक्षाओं के विषय जिनकी सम्बद्धता आपके महाविद्यालय / परीक्षा केन्द्र को प्राप्त है केवल उन्हीं विषयों के परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार किए जावें। उन स्नातकोत्तर विषयों के आवेदन पत्र स्वीकार न किए जावे जिनकी सम्बद्धता आपके महाविद्यालय / परीक्षा केन्द्र को प्राप्त नहीं है। ऐसे परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय आकर सम्पर्क करने हेतु निर्देशित करें।
3. स्नातक / स्नातकोत्तर (अमहाविद्यालयीन) स्तर के प्रायोगिक विषय जिनकी सम्बद्धता आपके महाविद्यालय / परीक्षा केन्द्र को प्राप्त है तथा जिनकी प्रायोगिक परीक्षा आपके महाविद्यालय / परीक्षा केन्द्र पर आयोजित की जाती है केवल उन्हीं प्रायोगिक विषयों के परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार किए जावें। जिन विषयों के प्रायोगिक कार्य आपके महाविद्यालय / परीक्षा केन्द्र में संभव नहीं है। उनके आवेदन स्वीकार न करते हुए ऐसे परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय आकर सम्पर्क करने हेतु निर्देशित करें।
4. दुर्ग विश्वविद्यालय दुर्ग से सम्बद्ध समस्त कन्या / महिला महाविद्यालयों द्वारा पुरूष परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन स्वीकार न किए जावें। यदि किसी पुरूष परीक्षार्थी द्वारा उक्त परीक्षा केन्द्रों से परीक्षा आवेदन पत्र भरा जाता है तो उन्हें विश्वविद्यालय आकर सम्पर्क करने हेतु निर्देशित करें।

विश्वविद्यालय द्वारा ऐसे परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा केन्द्र का निर्धारण किया जावेगा।

कुलसचिव
दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

# दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम क्र. 16/2015 द्वारा स्थापित)
रायपुर नाका, दुर्ग (छ.ग.) – 491001
Email: exam@durguniversity.ac.in Website: www.durguniversity.ac.in Phone & Fax 0788-2359300


क्रमांक 853/परीक्षा/वार्षिक/2017 दुर्ग, दिनांक 23.12.2017

## //अधिसूचना//

दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा आयोजित सत्र 2017–18 की स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की मुख्य (वार्षिक) परीक्षा 2018 में सम्मिलित होने वाले नियमित/स्वाध्यायी/भूतपूर्व/पूरक परीक्षार्थियों से एतद् द्वारा विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.durguniversity.ac.in** पर परीक्षा आवेदन ऑनलाईन पद्धति से आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन करने एवं परीक्षा शुल्क ऑनलाईन पद्धति से जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है:–

| क्र. | परीक्षा आवेदन | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र शुल्क सहित जमा करने की तिथि **(बिना विलंब शुल्क के साथ)** | **25.12.2017 से 15.01.2018 तक** |
| 02 | ऑनलाईन द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र शुल्क सहित जमा करने की तिथि **(रू. 200/– विलंब शुल्क के साथ)** | **16.01.2018 से 25.01.2018 तक** |
| 03 | ऑनलाईन भरे गए परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी समस्त संलग्नकों सहित संबंधित परीक्षा केन्द्र/महाविद्यालय में जमा करने की तिथि | 27.01.2018 तक |
| 04 | महाविद्यालयों/परीक्षा केन्द्रों द्वारा परीक्षार्थियों द्वारा जमा कराये गए आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी, नॉमिनल रोल, गोसवारा (न्यूमेरिकल रिटर्न), शुल्क सूची के साथ विश्वविद्यालय पहुंचाने की तिथि | 05.02.2018 तक |
| 05 | ऑनलाईन द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र शुल्क सहित जमा करने की तिथि (रू. 100/– विलंब शुल्क प्रतिदिन की दर के साथ) | 25.01.2018 से 10.02.2018 तक<br>**(उक्त तिथि में परीक्षा फार्म भरने वाले परीक्षार्थी तत्काल संबंधित परीक्षा केन्द्र/महाविद्यालय में अपना परीक्षा फार्म संलग्नों सहित जमा करें)** |

टीप:–

1. परीक्षा फार्म www.durguniversity.ac.in के Quick Links में Online Annual Exam. Form-2018 पर Click कर अथवा www.durguniv.in पर **Login** कर भर सकते हैं।
2. कोई भी आवेदक परीक्षा शुल्क का एक से अधिक बार **Online** भुगतान न करें।
3. छात्र–छात्राएँ ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने में किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर मोबाईल नं. 9304963349, 9304938494 (प्रातः 10.30 बजे से सायं 05.30 बजे के मध्य) एवं ई–मेल **durghelpdesk@gmail.com** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

कुलसचिव
दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

पृ.क्र. 854 /परीक्षा/वार्षिक/2017 दुर्ग, दिनांक 23.12.2017
प्रतिलिपि:–

1. राज्यपाल के सचिव, राजभवन, रायपुर (छ.ग.)
2. सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर।
4. समस्त संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्यों को इस सूचना के साथ कि वे संबंधित छात्र/छात्रा को समय–सारिणी की सूचना प्रसारित करवायें।
5. उ.कु.स. गोपनीय/अका./सा.प्रशा./वित्त नियंत्रक/अधिष्ठाता छात्र कल्याण, दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।
6. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक, दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
7. संपादक समस्त स्थानीय समाचार पत्र दुर्ग/बेमेतरा/बालोद/राजनांदगांव/कबीरधाम को इस निवेदन के साथ अग्रेषित कि कृपया उक्त परीक्षा की समय–सारिणी को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव
दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

परीक्षार्थियों हेतु आवश्यक निर्देशः–

1. परीक्षा फार्म www.durguniversity.ac.in के Quick Links में Online Annual Exam. Form-2018 पर Click कर अथवा www.durguniv.in पर Login कर भर सकते हैं।
2. स्नातक प्रथम वर्ष के नियमित विद्यार्थी जिन्होंने इस सत्र (2017–18) में प्रवेश लिया है वे ऑनलाईन नामांकन में प्रयोग की गई यूजर आई.डी./पासवर्ड का उपयोग कर परीक्षा आवेदन फॉर्म भरेंगे। यदि विद्यार्थी अपना पासवर्ड भूल जाते हैं तो वें Forgot Password पर Click कर अपने ID या Mobile No. को Select कर अपना मोबाईल नं. एवं जन्मतिथि भरकर अपना यूजर आईडी/पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं।
3. विगत सत्र के जिन परीक्षाओं/कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हुए हैं, वे परीक्षार्थी परीक्षा परिणाम घोषित होने के 05 दिवसों के भीतर परीक्षा आवेदन बिना विलम्ब शुल्क के परीक्षा आवेदन फार्म भर सकेंगे।
4. परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकॉपी संबंधित परीक्षा केन्द्र/महाविद्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा किये जाएंगे।
5. जिन नियमित छात्रों ने अभी तक नामांकन फार्म नहीं भरा है वें पहले New User Click Here to Create Account for Login पर जाकर रजिस्टर्ड करेंगे उसके पश्चात ही परीक्षा आवेदन फार्म भर सकेंगे। परन्तु स्थायी नामांकन अंक प्राप्त करने हेतु उन्हें ऑफलाईन नामांकन आवेदन फार्म भरकर देना बैंक के खाता क्र.147310034606 में निर्धारित शुल्क 150 रू.जमा कर तत्काल विश्वविद्यालय में जमा करना होगा। (ऐसे छात्र–छात्रायें जिन्होंने छत्तीसगढ़ के किसी बोर्ड या CBSE से छत्तीसगढ़ के किसी विद्यालय/दुर्ग विश्वविद्यालय/पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के अतिरिक्त अन्य किसी बोर्ड/विश्वविद्यालय से परीक्षा उत्तीर्ण की है, उन्हें 300 रू. आव्रजन (Immigration) शुल्क एवं 150 रू. नामांकन शुल्क सहित कुल 450 रू. देय होगा।)
6. अमहाविद्यालयीन (Non-Collegiate) परीक्षार्थी पहले New User Click Here to Create Account for Login पर जाकर रजिस्टर्ड कर नई यूजर आई.डी./पासवर्ड बनाएं उसके पश्चात परीक्षा फार्म भरेंगे।
7. स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर (अंतिम) वर्ष के परीक्षार्थी भी New User Click Here to Create Account for Login पर जाकर रजिस्टर्ड कर नई यूजर आई.डी./पासवर्ड बनाएं उसके पश्चात परीक्षा फार्म भरेंगे। पिछले वर्ष उपयोग की गई यूजर आई.डी./पासवर्ड को पुनः रजिस्टर्ड कर उपयोग किया जा सकता है।
8. छात्र–छात्राएँ ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने में किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर मोबाईल नं. 9304963349, 9304938494 (प्रातः 10.30 बजे से सायं 05.30 बजे के मध्य) एवं ई–मेल durghelpdesk@gmail.com पर सम्पर्क कर सकते हैं।

अमहाविद्यालयीन (Private) आवेदकों हेतु सूचनाः–

1. यदि आवेदक द्वारा चुने गए परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों की संख्या परीक्षा केन्द्र की बैठक क्षमता से अधिक हो जाती है तो पहले आवेदन करने वालों को, क्षमता अनुसार आवेदित परीक्षा केन्द्र एवं बाद में आवेदनकर्ताओं को विश्वविद्यालय द्वारा अन्य परीक्षा केन्द्र आबंटित किया जायेगा।

## दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों के नियमित, भूतपूर्व, पूरक एवं स्वाध्यायी छात्र–छात्राओं द्वारा भरे जाने वाले परीक्षा आवेदन पत्रों की कक्षा एवं शुल्क विवरण :–

| क्र. | कक्षायें जिनके परीक्षा आवेदन पत्र दुर्ग विश्वविद्यालय से भरे जाने हैं | | परीक्षा शुल्क | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | नियमित | अमहाविद्यालयीन | भूतपूर्व | पूरक |
| 01 | बी.ए. | भाग–01, 02 एवं 03 | 1100.00 | 1610.00 | 1100.00 | 820.00 |
| 02 | बी.कॉम. | भाग–01, 02 एवं 03 | 1100.00 | 1610.00 | 1100.00 | 820.00 |
| 03 | बी.एससी. | भाग–01, 02 एवं 03 | 1130.00 | 1610.00 | 1130.00 | 1075.00 |
| 04 | बी.एससी. (गृहविज्ञान) | भाग–01, 02 एवं 03 | 1130.00 | 1610.00 | 1130.00 | 1075.00 |
| 05 | बी.सी.ए. | भाग–01, 02 एवं 03 | 1810.00 | - | 1810.00 | 1075.00 |
| 06 | बी.लिब. एंड साईंस | | 1085.00 | - | 1085.00 | - |
| 07 | एम.ए. | पूर्व एवं अंतिम | 1100.00 | 1610.00 | 1100.00 | - |
| 08 | एम.कॉम. | पूर्व एवं अंतिम | 1100.00 | 1610.00 | 1100.00 | - |
| 09 | एम.ए./एम.एससी. गणित | पूर्व एवं अंतिम | 1100.00 | 1610.00 | 1100.00 | - |

विलम्ब शुल्क :– 1. रूपये 200/– (दिनांक 16.01.2018 से 25.01.2018 के मध्य आवेदन करने पर देय होगा।)
2. रूपये 100/– प्रतिदिन की दर से (दिनांक 25.01.2018 के पश्चात आवेदन करने पर देय होगा।)

टीपः– समस्त परीक्षार्थी ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फार्म भर कर फॉर्म की प्रिंटआउट समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित संबंधित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र में निर्धारित अवधि में अनिवार्यतः जमा करेंगे। विश्वविद्यालय में किसी भी छात्र के परीक्षा आवेदन सीधे स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

कुलसचिव
दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)